Adda247 | GET IT ON Google Play

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** **2025 के IIFA अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'लापता लेडीज' के निर्देशक कौन हैं?**

**Ans**
✗ 1. यश चोपड़ा
✗ 2. फ़रहान अख्तर
✓ 3. किरण राव
✗ 4. करण जौहर

**Q.2** **पड़ोसी देशों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म चारों ओर भूमि से घिरा हुआ है और भारत के साथ केवल स्थलीय सीमा साझा करते हैं?**

**Ans**
✗ 1. पाकिस्तान और चीन
✓ 2. नेपाल और भूटान
✗ 3. श्रीलंका और मालदीव
✗ 4. बांग्लादेश और म्यांमार

**Q.3** **जुलाई 2025 तक की स्थिति के अनुसार, कितने भारतीय राज्यों में द्विसदनीय विधायिका (अर्थात् विधान सभा और विधान परिषद दोनों) है?**

**Ans**
✗ 1. सात
✓ 2. छह
✗ 3. आठ
✗ 4. पाँच

**Q.4** **2025 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की अध्यक्ष चुनी जाने वाली पहली महिला, सबसे युवा व्यक्ति और पहली अफ्रीकी के रूप में किसने इतिहास रचा?**

**Ans**
✗ 1. फातमा समौरा (Fatma Samoura)
✗ 2. तेगला लोरूपे (Tegla Loroupe)
✗ 3. नवल El मुतावकेल (Nawal El Moutawakel)
✓ 4. किर्स्टी कोवेंट्री (Kirsty Coventry)

**Q.5** **निम्नलिखित में से किस योजना का उद्देश्य किशोरियों को सशक्त बनाना है?**

**Ans**
✗ 1. राष्ट्रीय पोषण मिशन
✗ 2. जननी सुरक्षा योजना
✗ 3. एन.आर.एच.एम. (NRHM)
✓ 4. किशोरी शक्ति योजना

Adda247

Adda247

# Test Prime

## ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

**80,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

**20,000+** Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247 GET IT ON Google Play

**Q.6** ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (OCI) धारक _________ होते हैं।

Ans
- ✗ 1. मतदान के अधिकार वाले भारतीय नागरिक
- ✗ 2. संवैधानिक पदों पर आसीन होने के हकदार व्यक्ति
- ✗ 3. भारत और किसी अन्य देश के दोहरे नागरिक
- ✓ 4. विशेष विशेषाधिकार प्राप्त विदेशी नागरिक

**Q.7** किस गुप्त सम्राट को अपनी सैन्य विजयों और रणनीतिक युद्ध के कारण 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता था?

Ans
- ✗ 1. कुमारगुप्त
- ✗ 2. चंद्रगुप्त प्रथम
- ✗ 3. स्कंदगुप्त
- ✓ 4. समुद्रगुप्त

**Q.8** विंडोज में कौन-सा टूल फ़ाइलों और फ़ोल्डरों को प्रबंधित और व्यवस्थित करने में सहायता करता है?

Ans
- ✗ 1. रीसायकल बिन (Recycle Bin)
- ✗ 2. टास्क मैनेजर (Task Manager)
- ✗ 3. पेंट (Paint)
- ✓ 4. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)

**Q.9** कुषाण शासकों द्वारा उपयोग की जाने वाली उपाधि देवपुत्र, निम्नलिखित में से किसका बोध कराती है?

Ans
- ✗ 1. वंशक्रमानुगत राजतंत्र
- ✗ 2. मौर्य परंपराओं का उत्तराधिकारी
- ✗ 3. धर्म रक्षक
- ✓ 4. दैवीय उत्पत्ति या देवत्व का दावा

**Q.10** अप्रैल 2025 में, नई दिल्ली में कार्नेगी इंडिया (Carnegie India) के साथ वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन (GTS) के 9वें संस्करण का सह-आयोजन किस मंत्रालय द्वारा किया गया?

Ans
- ✓ 1. विदेश मंत्रालय
- ✗ 2. सूचना और प्रसारण मंत्रालय
- ✗ 3. संचार मंत्रालय
- ✗ 4. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**Q.11** डाल्टन के परमाणु सिद्धांत की कौन-सी परिकल्पना, द्रव्यमान संरक्षण के नियम को दर्शाती है?

Ans
- ✗ 1. परमाणु, सरल पूर्ण-संख्या अनुपात में संयोजित होकर यौगिक बनाते हैं।
- ✗ 2. सभी द्रव्य अविभाज्य कणों से बने होते हैं जिन्हें परमाणु कहा जाता है।
- ✗ 3. विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के द्रव्यमान और गुणधर्म भिन्न-भिन्न होते हैं।
- ✓ 4. रासायनिक अभिक्रिया में परमाणुओं का न तो निर्माण किया जा सकता है और न ही उन्हें नष्ट किया जा सकता है।

**Q.12** निम्नलिखित में से किसने उपन्यास गोदन लिखा, जिसे आधुनिक हिंदी साहित्य का एक उत्कृष्ट उपन्यास माना जाता है?

Ans
- ✗ 1. बंकिम चंद्र चटर्जी
- ✓ 2. मुंशी प्रेमचंद
- ✗ 3. आर.के. नारायण
- ✗ 4. रवींद्रनाथ टैगोर

**Q.13** जब आप डिलीट कुंजी (Delete key) का उपयोग करके कोई फ़ाइल या फ़ोल्डर डिलीट करते हैं तो क्या होता है?

Ans
- ✓ 1. फ़ाइल को रिसाइकिल बिन (Recycle Bin) में भेज दिया जाता है।
- ✗ 2. फ़ाइल को दूसरे फ़ोल्डर में कॉपी कर दिया जाता है।
- ✗ 3. फ़ाइल बिना किसी चेतावनी के स्थायी रूप से डिलीट हो जाती है।
- ✗ 4. फ़ाइल का नाम स्वत: बदल जाता है।

Q.14 किस पहल का उद्देश्य घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना है?

Ans
- ✗ 1. डिजिटल इंडिया
- ✓ 2. मेक इन इंडिया
- ✗ 3. स्किल इंडिया
- ✗ 4. स्टार्टअप इंडिया

Q.15 इनमें से कौन-सा एक, सन् 1857 से पूर्व ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन-आक्रोश का कारण नहीं था?

Ans
- ✗ 1. नस्लीय भेदभाव
- ✗ 2. उच्च कर
- ✓ 3. धार्मिक सहिष्णुता
- ✗ 4. कम मजदूरी

Q.16 मार्च 2025 में, ________ राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म में शामिल होने वाला 28वां विधानमंडल बन गया।

Ans
- ✗ 1. ओडिशा
- ✗ 2. झारखंड
- ✗ 3. सिक्किम
- ✓ 4. दिल्ली

Q.17 ___________ के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 'मोन्ट्रियल प्रोटोकॉल (Montreal Protocol)' पर हस्ताक्षर किए गए थे।

Ans
- ✓ 1. क्लोरोफ्लुओरोकार्बन
- ✗ 2. सल्फर डाइऑक्साइड
- ✗ 3. मेथेन
- ✗ 4. कार्बन डाइऑक्साइड

Q.18 मार्च 2025 में VLSRSAM लॉन्च के लिए निम्नलिखित में से किस संगठन ने भारतीय नौसेना के साथ सहयोग किया?

Ans
- ✓ 1. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✗ 2. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- ✗ 3. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
- ✗ 4. भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र

Q.19 निम्नलिखित में से किस संशोधन ने विधायिकाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण अगले 10 वर्षों के लिए 2030 तक बढ़ा दिया?

Ans
- ✗ 1. 101वां संशोधन
- ✓ 2. 104वां संशोधन
- ✗ 3. 105वां संशोधन
- ✗ 4. 103वां संशोधन

Q.20 IRDP (एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम) का मुख्य लक्ष्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. गांवों में स्कूल बनवाना
- ✓ 2. गरीब ग्रामीण परिवारों को स्वरोजगार के लिए परिसंपत्तियां या कौशल हासिल करने में सहायता करना
- ✗ 3. ग्रामीण परिवारों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना
- ✗ 4. शहरी रोजगार को बढ़ावा देना

Q.21 यद्यपि कोलाइड समरूप प्रतीत होता है, वास्तव में यह __________।

Ans
- ✗ 1. निलंबन होता है
- ✗ 2. वास्तविक विलयन होता है
- ✗ 3. सजातीय मिश्रण
- ✓ 4. विषमजातीय मिश्रण

Q.22 1929 में बटुकेश्वर दत्त के साथ किस क्रांतिकारी ने सेंट्रल असेंबली में बम फेंके थे?

Ans
- ✗ 1. अशफाक उल्ला खां
- ✗ 2. चंद्रशेखर आज़ाद
- ✗ 3. राजगुरु
- ✓ 4. भगत सिंह

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा देश, 90% से अधिक जेंडर गैप को कम करके 2024 ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट में शीर्ष पर रहा?

Ans
- ✓ 1. आइसलैंड
- ✗ 2. फिनलैंड
- ✗ 3. नॉर्वे
- ✗ 4. स्वीडन

Q.24 1991 के सुधारों के अंतर्गत निजीकरण में मुख्य रूप से ___________ शामिल था।

Ans
- ✓ 1. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी शेयर बेचना
- ✗ 2. कृषि सब्सिडी बढ़ाना
- ✗ 3. बैंक ब्याज दरों को कम करना
- ✗ 4. निजी कंपनियों का राष्ट्रीयकरण

Q.25 2025 के पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता, डॉ. लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम किस वाद्ययंत्र के प्रसिद्ध संगीतज्ञ हैं?

Ans
- ✓ 1. वायलिन
- ✗ 2. शहनाई
- ✗ 3. बांसुरी
- ✗ 4. सितार

Q.26 भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. दलबदल विरोधी कानून
- ✓ 2. पंचायतों की शक्तियां और उत्तरदायित्व
- ✗ 3. राज्य सूची के विषय
- ✗ 4. नगरपालिकाओं के कार्य

Q.27 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारत की देशांतरीय विस्तार को निरूपित करता है?

Ans
- ✓ 1. 68°7'E और 97°25'E
- ✗ 2. 54°7'E और 77°25'E
- ✗ 3. 56°7'E और 87°25'E
- ✗ 4. 58°7'E और 94°25'E

Q.28 निम्नलिखित में से किसे, मई 2025 में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) का नया चेयरमैन (Chairman) नियुक्त किया गया है?

Ans
- ✗ 1. सुश्री प्रिया शर्मा
- ✓ 2. डॉ. अजय कुमार
- ✗ 3. श्री राजेश वर्मा
- ✗ 4. डॉ. अनिल कुमार

Q.29 पादप का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग एंजियोस्पर्म में लैंगिक प्रजनन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है?

Ans
- ✗ 1. तना
- ✗ 2. पर्ण
- ✗ 3. मूल
- ✓ 4. पुष्प

Adda247

Q.30 हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर (HVJ) पाइपलाइन का उपयोग मुख्य रूप से _______ के परिवहन के लिए किया जाता है।

Ans
1. पेट्रोल
2. कच्चे तेल
3. मिट्टी के तेल
4. प्राकृतिक गैस

Q.31 वहाबी आंदोलन की शुरुआत सैयद अहमद ने की थी, जो _____ से थे।

Ans
1. झांसी
2. अमृतसर
3. रायबरेली
4. हैदराबाद

Q.32 कौन-सा भारतीय राज्य, चीन, नेपाल और भूटान के साथ अपनी सीमा साझा करता है?

Ans
1. हिमाचल प्रदेश
2. उत्तराखंड
3. अरुणाचल प्रदेश
4. सिक्किम

Q.33 दिल्ली में लाल किले का निर्माण निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट के शासनकाल के दौरान किया गया था?

Ans
1. औरंगजेब
2. शाहजहाँ
3. अकबर
4. बाबर

Q.34 नया भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 किस भारतीय अधिनियम को निरस्त करता है?

Ans
1. कलकत्ता पत्तन (यान मार्गदर्शन) अधिनियम, 1948
2. भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908
3. भारतीय वहन-पत्र अधिनियम, 1856
4. महापत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 2021

Q.35 2024 प्रॉपर्टी ओनर्स एसोसिएशन बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने किस प्रमुख सिद्धांत पर बल दिया था?

Ans
1. सरकारी शक्ति, व्यक्तिगत संपत्ति अधिकारों को प्रत्यादेशित करती है।
2. केवल दुर्लभ या महत्वपूर्ण संसाधन ही राज्य के अधिग्रहण को उचित ठहराते हैं।
3. सार्वजनिक न्यास सिद्धांत सभी निजी परिसंपत्तियों पर लागू होता है।
4. राज्य अपनी इच्छानुसार सभी निजी संपत्तियों का अधिग्रहण कर सकता है।

Q.36 अप्रैल 2025 में, राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा चयनित किस स्टार्टअप ने दुनिया का पहला प्लेटफॉर्म - क्यूशील्ड (QShield) - लॉन्च किया है, जो सहज क्रिप्टोग्राफी प्रबंधन को सक्षम बनाता है?

Ans
1. CCS लैब्स
2. SST लैब्स
3. QNu लैब्स
4. AMu लैब्स

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.37 मई 2025 में DRDO और भारतीय नौसेना द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित निम्नलिखित में से किस अंडरवाटर नेवल माइन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?

Ans
- ✗ 1. वरुणास्त्र (Varunastra)
- ✓ 2. मल्टी-इन्फ्लुएंस ग्राउंड माइन (Multi-Influence Ground Mine)
- ✗ 3. बराक माइन (Barak Mine)
- ✗ 4. सी ड्रैगन (Sea Dragon)

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अवसंरचना का एक भाग है?

Ans
- ✗ 1. विद्युत पारेषण लाइनें
- ✗ 2. अपवाह टैंक
- ✓ 3. कचरा संग्रहण और निपटान
- ✗ 4. वाहित मल पाइपलाइन

Q.39 भारतीय राज्य सरकारों में, राज्य मंत्रिपरिषद सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है?

Ans
- ✓ 1. राज्य विधान सभा
- ✗ 2. राज्यसभा
- ✗ 3. संबंधित राज्य के मुख्य न्यायाधीश
- ✗ 4. राज्य के राज्यपाल

Q.40 TRYSEM (ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ 1. गांवों में अवसंरचना का निर्माण करना
- ✗ 2. ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना
- ✗ 3. किसानों को ऋण प्रदान करना
- ✓ 4. बेरोजगारी से निपटने के लिए ग्रामीण युवाओं के कौशल को उन्नत करना

Section : **Mathematics**

Q.1 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 16809 में जोड़े जाने पर प्राप्त योगफल 41 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 4
- ✗ 3. 2
- ✓ 4. 1

Adda247

Q.2 दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (H.C.F.) और लघुत्तम समापवर्त्य (L.C.M.) क्रमशः 11 और 330 है। यदि उनमें से एक संख्या 110 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 72
- ✗ 2. 90
- ✗ 3. 75
- ✓ 4. 33

Q.3 $145^{2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 20975
- ✓ 2. 21025
- ✗ 3. 21075
- ✗ 4. 21005

**Q.4** ABCD एक चतुर्भुज है जिसमें AB || DC है, तथा E और F क्रमशः विकर्णों AC और BD के मध्य बिंदु हैं। यदि AB = 12 cm, BC = 40 cm, DC = 30 cm, और AD = 45 cm, तो EF की लंबाई (cm में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ 1. 13
- ✓ 2. 9
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 5

**Q.5** यदि $\sec\theta + \tan\theta = s$ है, तो $\frac{s^2 - 1}{s^2 + 1}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $\operatorname{cosec}\theta$
- ✗ 2. $\sec\theta$
- ✓ 3. $\sin\theta$
- ✗ 4. $\cot\theta$

**Q.6** यदि ₹400 की राशि 5.5 वर्ष के लिए 4% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 68
- ✓ 2. 88
- ✗ 3. 138
- ✗ 4. 188

**Q.7** एक त्रिभुज की भुजाएँ 28 cm, 45 cm और 53 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 664
- ✗ 2. 665
- ✗ 3. 658
- ✓ 4. 630

**Q.8** ऋषि, 198 km की यात्रा 66 km/hr की चाल से, अगली 584 km की यात्रा 73 km/hr की चाल से और उससे अगली 656 km की यात्रा 82 km/hr की चाल से करता है। संपूर्ण यात्रा के लिए उसकी औसत चाल (km/hr में) कितनी है? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

**Ans**
- ✗ 1. 79.25
- ✓ 2. 75.68
- ✗ 3. 82.71
- ✗ 4. 82.07

**Q.9** 19 और 76 के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 38
- ✗ 2. 39
- ✗ 3. 37
- ✗ 4. 36

**Q.10** निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$4\left(\left(\frac{6}{4}\right)x^2 - 25x + 12\right) - 6(x^2 + 5x - 13)$$

**Ans**
- ✗ 1. 130x + 126
- ✗ 2. −130x − 126
- ✓ 3. −130x + 126
- ✗ 4. 130x − 126

Adda247

Q.11 20% और 10% की क्रमिक छूट के लिए तुल्य एकल छूट कितनी है?

Ans
1. 27%
2. 25%
3. 30%
4. 28%

Q.12 यदि माता की आयु का 2 गुना, उसकी पुत्री की आयु के 4 गुने से 26 वर्ष अधिक है, और पुत्री की आयु का 3 गुना, माता की आयु से 7 वर्ष कम है, तो माता और पुत्री की आयु के बीच कितना अंतर (वर्ष में) है?

Ans
1. 21
2. 19
3. 23
4. 24

Q.13 16 पुस्तकों का विक्रय मूल्य 8 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{100}{8}$% लाभ
2. 50% हानि
3. $\frac{100}{8}$% हानि
4. 50% लाभ

Q.14 75 का 65%, 45 के $\frac{2}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
1. 28.75
2. 24.75
3. 30.75
4. 27.75

Q.15 किसी कंपनी द्वारा अर्जित लाभ (₹ में) को कंपनी के तीन साझेदारों के बीच 5 : 8 : 17 के अनुपात में बांट दिया जाता है। यदि सबसे छोटे और सबसे बड़े हिस्से का अंतर ₹78,106 है, तो कंपनी का कुल लाभ (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,95,361
2. 1,95,278
3. 1,95,265
4. 1,95,302

Q.16 एक पुस्तक विक्रेता अंकित मूल्य पर 4% की छूट देता है और छुट्टियों के दौरान समान क्रय मूल्य की 15 पुस्तकों के प्रत्येक पैक को खरीदने पर एक पुस्तक मुफ्त देता है, और इस प्रकार 35% का लाभ अर्जित करता है। अंकित मूल्य, क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans
1. 35%
2. 40%
3. 25%
4. 50%

Q.17 [682 ÷ {20 + 2 × (5 − 4)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 34
2. 26
3. 31
4. 28

Q.18 A दो स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक 17 दिनों में बिछा सकता है और B उसी कार्य को 16 दिनों में पूरा कर सकता है। C की सहायता से, उन्होंने यह कार्य केवल 4 दिनों में पूरा कर लिया। C अकेले यह कार्य कितने दिनों में पूरा कर सकता है?

Ans
1. $10\frac{27}{35}$ दिन
2. $11\frac{27}{35}$ दिन
3. $7\frac{27}{35}$ दिन
4. $13\frac{27}{35}$ दिन

Q.19 एक व्यक्ति 54 km/hr की चाल से कार चलाकर एक पुल को 1.7 मिनट में पार करता है। पुल की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1.53 km
2. 2.58 km
3. 0.92 km
4. 2.13 km

Q.20 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 40 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 16 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32.73
2. 31.73
3. 33.73
4. 34.73

Q.21 संख्याओं 6.3 और 0.07 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 63
2. 0.063
3. 6.3
4. 0.63

Q.22 पाइप P, किसी टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को 24 घंटे में भर सकता है, और पाइप Q उसी टैंक के $\frac{2}{3}$ भाग को 16 घंटे में भर सकता है। P और Q दोनों को 4 घंटे के लिए चालू रखा जाता है, और फिर दोनों को बंद कर दिया जाता है। फिर पाइप R को अकेले चालू किया जाता है जो टैंक के पानी को 5 घंटे में खाली कर देता है। पाइप P, Q और R मिलकर खाली टैंक को कितने समय में भर सकते हैं?

Ans
1. 79 घंटे
2. 72 घंटे
3. 88 घंटे
4. 62 घंटे

Q.23 फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹5,325 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3 : 5 : 7 है, तो सबसे सस्ती वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,065
2. 5,325
3. 3,195
4. 7,455

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.24 M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 7 महीने के लिए, N के निवेश से ₹79,000 अधिक निवेश करता है और N, 6 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹6,705 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹745 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूँजी ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹11,80,000 ✗
2. ₹12,00,000 ✗
3. ₹11,85,000 ✓
4. ₹12,05,000 ✗

Q.25 संख्या 386937355 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
1. 3 ✗
2. 15 ✗
3. 14 ✗
4. 5 ✓

Q.26 83 दर्पण ₹83 में खरीदे गए, और 22 दर्पण परिवहन के दौरान टूट गए। व्यापारी ने शेष दर्पण ₹3.60 प्रति दर्पण की दर से बेच दिए। उसका लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹136.60 ✓
2. ₹132.40 ✗
3. ₹127.70 ✗
4. ₹144.50 ✗

Q.27 5 cm कोर वाले दो घनों को जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है। घनाभ का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 250 $cm^2$ ✓
2. 100 $cm^2$ ✗
3. 125 $cm^2$ ✗
4. 25 $cm^2$ ✗

Q.28 एक जिले की जनसंख्या 362000 है, जिसमें से 181000 पुरुष हैं। 47% जनसंख्या साक्षर है। यदि 35% पुरुष साक्षर हैं, तो कितने प्रतिशत महिलाएँ साक्षर हैं?

Ans
1. 62% ✗
2. 58% ✗
3. 59% ✓
4. 61% ✗

Q.29 6 पेन और 19 पेंसिल की कीमत ₹275 है। यदि पेन की कीमत ₹7 प्रति पेन कम हो जाती है और पेंसिल की कीमत ₹7 प्रति पेंसिल बढ़ जाती है, तो 15 पेन और 4 पेंसिल की कीमत ₹132 हो जाती है। 6 पेन और 2 पेंसिल की मूल कीमत कितनी होगी?

Ans
1. ₹90 ✗
2. ₹89 ✗
3. ₹88 ✓
4. ₹92 ✗

Q.30 ₹10,000 की धनराशि, एक निश्चित वार्षिक ब्याज दर पर 2 वर्षों में ₹12,321 हो जाती है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित किया जाता है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10% ✗
2. 11% ✓
3. 14% ✗
4. 15% ✗

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.1 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'Q ÷ E – R x C + D' है, तो Q का D से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पुत्र की पत्नी का भाई
- ✗ 2. पिता
- ✓ 3. पुत्र की पत्नी का पिता
- ✗ 4. भाई

Q.2 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंको वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 126 257 352 984 751 (दाएं)

(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के तीसरे अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो ऐसे बनने वाली कितनी संख्याएँ विषम संख्याएँ होंगी?

Ans
- ✗ 1. एक भी नहीं
- ✗ 2. एक
- ✗ 3. तीन
- ✓ 4. दो

Q.3 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BEST' को '3527' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'EARN' को '1246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ 1. 2
- ✗ 2. 1
- ✗ 3. 5
- ✗ 4. 6

Q.4 L, M, N, O, Q, R और S एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q के दाईं ओर से गिनती करने पर Q और S के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S और N के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। L और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O और R के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। M के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. L
- ✗ 2. N
- ✗ 3. O
- ✓ 4. S

Q.5 रघुनंदन कपड़े के एक शोरूम तक पहुँचने के लिए पश्चिम की ओर 325 m चलता है। फिर वह दाईं ओर मुड़ता है और फिटनेस सेंटर तक पहुँचने के लिए 220 m सीधा चलता है। फिर से, वह दाईं ओर मुड़ता है और 200 m सीधा चलता है। फिर से, वह दाईं ओर मुड़ता है और 220 m चलता है। वह शुरुआती बिंदु से कितनी दूर है? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
- ✓ 1. 125 m
- ✗ 2. 105 m
- ✗ 3. 150 m
- ✗ 4. 120 m

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.6 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✗ 1. RUP<br>✓ 2. LOI<br>✗ 3. ORM<br>✗ 4. VYT |

| | |
|---|---|
| Q.7 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>53 70 91 116 145 ? |
| Ans | ✗ 1. 194<br>✗ 2. 186<br>✓ 3. 178<br>✗ 4. 171 |

| | |
|---|---|
| Q.8 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?<br><br>NUB 63, JQX 54, FMT 45, BIP 36, XEL 27, ? |
| Ans | ✓ 1. TAH 18<br>✗ 2. TAI 17<br>✗ 3. UAH 20<br>✗ 4. TMH 15 |

| | |
|---|---|
| Q.9 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>442 530 626 730 842 ? |
| Ans | ✗ 1. 901<br>✗ 2. 1090<br>✓ 3. 962<br>✗ 4. 1025 |

| | |
|---|---|
| Q.10 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>HTO : DWK<br>XHE : TKA |
| Ans | ✗ 1. FCV : KZQ<br>✓ 2. PNW : LQS<br>✗ 3. YFH : UKD<br>✗ 4. HKV : ENS |

| | |
|---|---|
| Q.11 | शेखर अपनी कक्षा में शीर्ष से 7वें स्थान पर तथा नीचे से 38वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कुल कितने विद्यार्थी हैं? |
| Ans | ✓ 1. 44<br>✗ 2. 42<br>✗ 3. 45<br>✗ 4. 43 |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.12 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

26 × 2 – 21 + 7 ÷ 4 = ?

Ans
- ✗ 1. 11
- ✓ 2. 6
- ✗ 3. 18
- ✗ 4. 25

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

IUP -1 MRN -3 ? ULJ -27 YIH -81

Ans
- ✗ 1. YFQ -7
- ✗ 2. QOP -9
- ✗ 3. PQS -7
- ✓ 4. QOL -9

Q.14 सात बॉक्स F, G, H, I, K, L, और O एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हों। H के नीचे केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। H और O के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। G के ऊपर केवल L को रखा गया है। F को I के नीचे किसी स्थान पर और K के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
कौन-सा बॉक्स नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है?

Ans
- ✗ 1. G
- ✓ 2. K
- ✗ 3. F
- ✗ 4. O

Q.15 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं लागू करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी तरीके से संबंधित हैं जिस तरीके से निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 तथा 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

37, 62
52, 77

Ans
- ✓ 1. 46, 71
- ✗ 2. 81, 96
- ✗ 3. 69, 88
- ✗ 4. 64, 84

Q.16 हरिनी बिंदु Y से यात्रा शुरू करके दक्षिण की ओर 7 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है, 14 km ड्राइव करती है। फिर वह बाएं मुड़ती है और 7 km ड्राइव करती है। अंतत: वह बाएं मुड़ती है, 18 km ड्राइव करती है और बिंदु Z पर रुकती है। बिंदु Y पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं )

Ans
- ✓ 1. 4 km, पूर्व की ओर
- ✗ 2. 8 km, पश्चिम की ओर
- ✗ 3. 10 km, दक्षिण की ओर
- ✗ 4. 1 km, उत्तर की ओर

Q.17 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जंगल, पहाड़ियाँ हैं।
कुछ पहाड़ियाँ, रेगिस्तान हैं।

निष्कर्ष:
(I): सभी पहाड़ियाँ, जंगल हैं।
(II): कुछ रेगिस्तान, पहाड़ियाँ हैं।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
✗ 2. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
✓ 3. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
✗ 4. दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से WPKD का संबंध TNHB से है। उसी तरीके से, KHYV का संबंध HFVT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से BBPP का संबंध किससे है?

Ans
✗ 1. YMZN
✗ 2. YZSD
✓ 3. YZMN
✗ 4. YZNM

Q.19 सात बक्से A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। C और F के बीच केवल चार बक्से रखे गए हैं। केवल A को C के ऊपर रखा गया है। D और E के बीच केवल दो बक्से रखे गए हैं। G को B के ठीक ऊपर रखा गया है। E को G के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। G के ऊपर कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans
✗ 1. 4
✓ 2. 3
✗ 3. 2
✗ 4. 1

Q.20 यदि संख्या 8317456 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बायीं ओर से दूसरे और दायीं ओर से दूसरे अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
✓ 1. 10
✗ 2. 8
✗ 3. 12
✗ 4. 6

Q.21 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

934 924 925 915 916 906 ? 897

Ans
✓ 1. 907
✗ 2. 908
✗ 3. 895
✗ 4. 896

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी बोतल, लूडो हैं।
सभी लूडो, डांसर हैं।

निष्कर्ष:
**(I):** कुछ डांसर, लूडो हैं।
**(II):** सभी बोतल, डांसर हैं।

Ans
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✓ 4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. EI-HK
✗ 2. SV-UX
✗ 3. BE-DG
✗ 4. DG-FI

Q.24 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

28 + 125 × 5 − 12 ÷ 3 = ?

Ans
✗ 1. 21
✓ 2. 39
✗ 3. 46
✗ 4. 28

Q.25 आठ व्यक्ति, S, T, U, V, W, X, Y और Z एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। सभी उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर बैठा है। W, V का निकटतम पड़ोसी है। S और W के बीच केवल U बैठा है। Z पंक्ति के दाएं छोर पर बैठा है। T, Y और S दोनों का निकटतम पड़ोसी है। W के दाएं कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✗ 1. एक
✓ 2. तीन
✗ 3. दो
✗ 4. चार

Q.26 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. FMI
✓ 2. JQN
✗ 3. HOK
✗ 4. LSO

Q.27 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'MAZE' को '3527' और 'AIDS' को '2416' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
✗ 1. 5
✗ 2. 1
✗ 3. 4
✓ 4. 2

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से HOLN का संबंध XGBF से है। उसी तरीके से, TIXH का संबंध JANZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PKTJ का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
1. FCBH
2. FHBC
3. FCBJ
4. FCJB

Q.29 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 % / < 9 $ / % 6 * 4 5 8 # ? > 2 2 + 2 \ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद एक अन्य प्रतीक है?

Ans
1. एक
2. तीन
3. दो
4. एक भी नहीं

Q.30 एक संख्या 95423671 के प्रत्येक सम अंक से 1 घटाया जाता है और फिर अंकों को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। बाएं से दूसरे और दाएं से तीसरे अंक का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 9
2. 6
3. 7
4. 5